# ग्राम पंचायत रिट उपरली, विकास खण्ड नूरपुर, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176201 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

भाग–एक

1. **प्रस्तावना**

(क) ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत रिट उपरली, विकास खण्ड नूरपुर, जिला काँगड़ा हि० प्र० के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

प्रधानः–

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती कांता देवी | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

सचिव :–

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री गौरव गुरिंदर बक्शा | 01-04-2024 से 01.07.2024 |
| 2 | श्री ठाणु राम | 01.07.2024 से 04.12.2024 |
| 3 | श्री अजय कुमार(अतिरिक्त कार्यभार) | 04.12.2024 से 31.03.2025 |

तकनीकी सहायक :–

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री बलकार सिंह | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

ग्राम रोजगार सहायक :–

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री गगन चन्द | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:–

ग्राम पंचायत रिट उपरली के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों के अंकेक्षण एव निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है–

| क्र0 सं0 | पैरा सं० | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 4.19 |
| 2 | 4.2 | स्कीमवाइज ऑनलाईन रोकड़ बहियो तथा समेकित/संयुक्त (Consolidated) रोकड़ बही के अशशेषो मे राशि का अन्तर पाया जाना | 2.65 |
| 3 | 5 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 4.66 |
| 4 | 6 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.55 |
| 5 | 8.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 2.21 |
| 6 | 8.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 3.57 |
| 7 | 8.3 | खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्राजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान | 1.64 |
| 8 | 9 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे | 3.10 |
| 9 | 10 | समायोजित आय–व्यय प्रविष्टियां करने बारे | 6.33 |

(ग)गत अंकेक्षण प्रतिवेदन:–

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कार्यवाही करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या– राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/257 दिनांक–22.04.2025 द्वारा अवधि 01/04/2022 से 31/03/2023 के अनिर्णीत पैरो पर ही कार्यवाही करते हुये केवल 4 पैरों की अनुपालना का सत्यापन करवाया गया तथा शेष बचे 20 पैरों के निस्तारण हेतु किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया है। यह अति गम्भीर चूक है, जोकि संस्था की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करती है। अतः प्राथमिकता के आधार पर गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष 20 पैरों के साथ– साथ वर्तमान अंकेक्षण मे प्रारूपित अंकेक्षण आपतियो पर भी अनुपालना सुनिश्चित करके

अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरो की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:–

(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं. | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 5 | अनिर्णीत | – |
| 2. | 5.1 | अनिर्णीत | |
| 3. | 7 | अनिर्णीत | – |
| 4. | 8 | अनिर्णीत | – |
| 5. | 9 | अनिर्णीत | – |

(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2022 से 31/03/2023 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं. | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अभिलेखों की पुष्टि उपरांत |
| 2. | 4(क) (ख) | निर्णीत | वित्तीय स्थिति व बैंक के अंत शेषों मे शून्य अंतर के दृष्टिगत |
| 3. | 4(ग) | अनिर्णीत | – |
| 4. | 4(घ) | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 5. | 5 | अनिर्णीत | – |
| 6. | 6 | अनिर्णीत | – |
| 7. | 6.2 | अनिर्णीत | – |
| 8. | 7.1 | अनिर्णीत | – |
| 9 | 7.2 | निर्णीत | गत अंकेक्षण के दौरान अभिलेखों की पुष्टि उपरांत |
| 10 | 7.3 | अनिर्णीत | – |
| 11 | 7.4 | अनिर्णीत | – |
| 12 | 8.1 | अनिर्णीत | – |
| 13 | 8.2 | अनिर्णीत | – |
| 13 | 8.3 | अनिर्णीत | – |
| 14 | 8.4 | अनिर्णीत | – |
| 15 | 8.5 | अनिर्णीत | – |
| 16 | 9 | अनिर्णीत | – |
| 17 | 10 | अनिर्णीत | – |
| 18 | 11 | अनिर्णीत | – |
| 19 | 12 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 20 | 13 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |

भाग–दो

2. **वर्तमान अंकेक्षणः–**

ग्राम पंचायत रिट उपरली के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 30.07.2025 से 02.08.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की अधिकतम आय तथा पंचायत के अधिकतम व्यय के आधार पर किया गयाः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2023–25 | 07/2024 | 05/2024 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :–वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

3. **अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹3200/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/430(16) दिनांक–02.08.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

4.1 **(क).वित्तीय स्थितिः–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक.– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2025/430(1) दिनांक.–30.07.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट**–1 में दिया गया है–

1.स्वः–स्त्रोतः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 9826.48 | 301677.98 | 311504.46 | 196351.00 | 115153.46 |

2.14वां व 15वां वितः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 154488 | 1318417 | 1472905 | 4186 | 1468719 |

3.अन्य अनुदानेः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 352797.00 | 2333968.50 | 2686765.5 | 2220470.50 | 466295 |

कुल योग (1+3)115153.46+466295=**581448.46**

नोटः–14 वे 15 वे वित्तायोग के अवधि 04/2024 से 03/2025 का अंकेक्षण ,ऑडिट ऑनलाइन पोर्टल (auditonline.gov.in) के माध्यम से कर दिया गया है एवं इससे संबंधित अंकेक्षण आपत्तियां भी पोर्टल पर दर्ज की जा चुकी है।

(ख).बैंक समाधान विवरणीः–

दिनांक 31.03.2025 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹5,81,448.46 तथा प्रस्तुत बैंक खाते/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट–3"** के अनुसार अन्तशेष ₹162508.46 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार है–

| | बैंक खातों की विवरणीः– | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | विवरण | बैंक | खाता | अन्त शेष (₹) |
| 1 | स्वः स्रोत / पांचवा वित्/ | के. सी .सी. बैंक नगथ | 20031004545 | 162508.46 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | बी.के.वी.एन.वाई/ एस.डी.आर.एफ | | | |
| 2 | हस्त गत शेष दिनांक 31.03.2025 को ( स्वः स्रोत की ऑनलाइन रोकड़ बही के अनुसार ) | | | 0 |
| 3 | हस्त गत शेष दिनांक 31.03.2025 को आईडब्ल्यूडीपी की ऑनलाइन रोकड़ बही के अनुसार ) | | | 0 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2025 को कुल योग:– | | | | ₹162508.46 |
| **दिनांक 31.03.2025 को बैंक समाधान विवरणी** :– | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेष:– | | | | ₹581448.46 |
| पंचायत के बैंक खातो का दिनांक 31.03.2025 का अन्तशेष:– | | | | ₹162508.46 |
| अन्तर:– | | | | 418940 |

**नोट:–अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**4(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹4.19 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना:–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत रिट उपरली द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नही की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2025 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹4,18,940/- का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0का/2025/430(2) दिनांक–31.07.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–0 दिनांक–02.08.2025 द्वारा आंकड़ो एवं तथ्यों की पुश्टि करने उपरांत स्पष्ट किया गया कि, ऑनलाईन रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति व बैंक के अंत शेषों में उपरोक्त राशि का अंतर वित्तीय स्थिति में अधिक पाया गया, जिसकी बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणो बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा असंगत (un-reconciled) अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविश्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

## (घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः–

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है। सचिव ग्राम पंचायत रिट उपरली द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "3"** व बैंक खातो के अंकेक्षण मे पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नही खोले गये थे, बल्कि स्वः स्रोत, पांचवा वित्त, बी.के.वी.एन.बाई.एस.डी.आर.एफ के लिये संयुक्त खाता संख्या 20031004545 खोला गया था, जो कि पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नही दर्शाता एवं नियमो/निर्देशों के विपरीत होने के कारण आपतिजनक है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नही किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0का/2025/430(6) दिनांकः–31.07.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर मे पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– 0 दिनांक–02.08.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, उक्त अनुदानो का संयुक्त खाता खोला गया। अतः शीर्ष वाईज खातों का अनुसंधारण कर लिया जायेगा।

अतः नियमानुसार स्कीम वाईज खातों का रख–रखाव न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ही बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## (ङ.) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 मे लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2024–25 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नही किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरो से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका मे दर्शाए गए कार्यो हेतु कब–2 कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नही–

| क्र. स | अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | बिल स0,मस्ट्रोल सं0/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नरेगा | निल/13.05.2024 | 238,239/01.01.2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार फलड गश को रोकने के लिए चौधरी | 125000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | हेविटेशन ड्रेन के साथ वार्ड 7 | |
| 2 | नरेगा | निल / 27.05. 2024 | 213977 / 14. 03.2024 | निर्माण सुरक्षा कार्य संजय,रण सिंह सुभाष जरनेल इत्यादि जमीन वार्ड 3 | 84448 |
| 3 | नरेगा | निल / 27.05. 2024 | 0094 / 13.03. 2024,213974 / 12.03.2024 | निर्माण जीपेवल रोड पीडब्ल्यूडी रोड से संजीव,राकेश,सुदर्शन इत्यादि वार्ड 6 | 86915 |
| 4 | सभा निधि | 4 / पी / 3 / 15.05.2024 | | निर्माण / अववर्धन पंचायत घर (टाईल वर्क) वार्ड 4 | 4950 |
| 5 | 5.वीकेवी एनवाई | 10 / पी / 1 / 15.05.2024 | 320 / 30.06. 2024 | निर्माण रास्ता मेन रोड से वाटर सप्लाई नजदीक रणजीत घर इत्यादि वार्ड 4 | 9000 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व विभिन्न अनुदानो से प्राप्त की गई आय व उपरोक्त कार्यों के अतिरिक्त किये गए संकलित व्यय का भी लेखा खाता / खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों व व्यय की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि आपत्तिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या:–राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0पृ0का / 2025 / 430(15) दिनांकः–02.08.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:– 0 दिनांकः–02.08.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अंकेक्षण अवधि 2024–25 की खाता बहियों को तैयार करके आगामी अंकेक्षण में सत्यापन हेतु प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अंकेक्षण अवधि की खाताबही / लेखा खाते तैयार न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही / लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही / लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जायें व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**4.2 स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड बहियों तथा समेकित / संयुक्त** (Consolidated) **रोकड़ बही के अथशेषों में राशि ₹2.65 / –लाख का अंतर पाया जानाः–**

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 6(2) के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव लेन–देन की स्थिति को प्रदर्शित करने वाले लेखे तथा विवरणियां सही–सही तथा शीघ्रता से उपलब्ध करवाएगा।

ऑनलाईल रोकड बहियों के अंकेक्षण व पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **"परिशिष्ट–6"** के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा समेकित/संयुक्त (Consolidated) रोकड़ बही के अधशेषों में दिनांक 01.04.2024 को राशि ₹264746/– का अंतर पाया गया। इस प्रकार से ग्राम पंचायत द्वारा रोकड बहियों का ऑनलाईन माध्यम से मिलान न करना नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित ही नहीं, बल्कि आपत्तिजनक भी है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0का/2025/430(4) दिनांक–31.07.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–0 दिनांक–02.08.2025 द्वारा सूचित किया गया कि, स्कीमवाईज ऑनलाईल रोकड़ बहियों तथा समेकित/संयुक्त रोकड़ बही में उपरोक्त राशि का अंतर पाया गया, जिस बारे अभिलेखों की जांच पड़ताल करने उपरांत आगामी अंकेक्षण में अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने के कारण संतोषजनक नही पाया गया।

अतः वर्णित अनियमितता का तथ्य पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए इसका मिलान करते हुये वस्तुस्थिति अनुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य हेतु भी यह सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाईन माध्यम से रोकड़ बहियों का रख–रखाव उचित तरीके से किया जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 5 अनुदान की राशि ₹4.66 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जाना:–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0का0/2025/430(1) दिनांक–30.07.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनाक 31–03–2025 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹4,66,295/– की राशि उपयोग हेतु शेष थी–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | वीकेवीवाईएन | 31.03.2025 | 214705.00 |
| 2 | एसडीआरएफ | 31.03.2025 | 215990.00 |
| 3 | आरएवाई | 31.03.2025 | 14000.00 |
| 4 | आईएवाई | 31.03.2025 | 21600.00 |
| | | **कुल जोड** | **466295** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0का/2025/430(3) दिनांक–31.07.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–0 दिनांक–02.08.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, अनुपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न कर पाने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यो हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आय**

**6 सम्पत्ति कर/गृहकर की ₹0.55/– लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना:–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0का0/2025/430(1) दिनांक–30.07.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹54500/–** की राशि दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की इस राशि का बिना पर्याप्त कारणों के वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया था, जिसके अभाव मे **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2025 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि तथा अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई मांग व अधशेष की भी सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पश्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0का0/2025/430(7) दिनांक–01.08.2025 द्वारा सूचित

किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–0 दिनांक–02.08.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पत्ति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरांत सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा व इसके मांग व संग्रह रजिस्टर अनुरक्षण करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व उक्त से सम्बन्धित मांग व संग्रहण रजिस्टर तैयार करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

इसके अतिरिक्त बढ़ते बकाया पंचायत राजस्व का मामला पंचायती राज विभाग के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आवश्यक जाँच उपरान्त यथास्थिति नियमानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाने हेतु विशेष रूप से लाया जाता है।

## 7 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.02/–लाख को बैंक/सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक–04.10.2016 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0का0 /2025/430(1) दिनांक–30.07.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत रिट उपरली द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान राशि ₹2200/– विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु प्राप्ति उपरांत इस राशि को बैंक/सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया, जिससे कि सरकारी कोष को प्राप्त आय के दुर्विनियोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त राशि ₹400 अवधि के अंत में वसूली हेतु शेष थी।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को बैंक/सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0 का/2025/430(8) दिनांक–01.08.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत रिट उपरली के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–0 दिनांक–01.08.2025 द्वारा आंकडो व तथ्यों की पुश्टि करने उपरांत अवगत करवाया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान

प्राप्त की गई उक्त राशि को बैंक/सरकारी कोष मे जमा नहीं करवाया गया, अतः राशि ₹400 की वसूली करके व राशि ₹2200 सहित, सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप मे प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप मे प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भी विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्ति उपरांत सरकारी कोष में ही जमा करवाया जाये व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 8.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹2.21/- लाख के स्टॉक का क्रय करनाः–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत रिट उपरली के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "7"** के अनुसार ₹220670/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

इस अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/430(10) दिनांकः–02.08.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर मे पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–0 दिनांकः–02.08.2025 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामग्री क्रय की जाएगी। प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2022 से 03/2023 के **पैरा संख्या 8.3** मे दर्ज अंकेक्षणापति के दृष्टिगत, तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः दोहराई गई इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षणावधि मे इस प्रकार कृत समस्त व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये अन्यथा आवश्यक विधिवत औपचारिकतायें पूर्ण किये बिना की गई समस्त खरीद से हुई हानि की विभागीय स्तर पर जांच कर तदानुसार प्रतिपूर्ति सम्बन्धी अभिलेख अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत

करना सुनिश्चित करे तथा भविश्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹3.57/– लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होना:–**

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखाकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत रिट उपरली के अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट–"7"** पर संकलित राशि ₹3,56,798/– के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टॉक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था। जिससे कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0का0/2025/430(11) दिनांक–02.08.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–0 दिनांक–02.08.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि, उक्त राशि का स्टॉक करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर अंकेक्षण एव निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2022 से 03/2023 के **पैरा संख्या 8.4** मे दर्ज अंकेक्षणापति के दृष्टिगत, तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नही पाया गया।

अत: दोहराई गई इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करें तथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत क्रय किये गये प्रत्येक सामान का मदवार पारदर्शी इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य मे इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.3 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹1.64/–लाख का अनियमित भुगतान करने बारे:–**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नही काटी जा सकती तथा इन्हे भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि हेतु चयनित मास 05/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण व पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट ''8''** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन निर्माण सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि के वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹164010/– का अनियमित भुगतान किया गया तथा पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पश्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/430(12) दिनांकः–02.08.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 0 दिनांकः–02.08.2025 द्वारा आंकड़ो व तथ्यों की पुष्टि करने उपरांत स्पष्ट किया गया कि उक्त राशि की खनन निर्माण सामग्री क्रय की गई, वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" व "W" प्राप्त किये बिना ही क्रय किया गया व उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है, वर्तमान समय से उपरोक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है, प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नही पाया गया। क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को नियमों के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा ऐसे सभी प्रकरणों को सम्बन्धित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 8.4 अग्रिम भुगतान राशि ₹1.11/– लाख समायोजन हेतु शेष पाया जानाः–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 30 के अनुसार पंचायत द्वारा फॉर्म–9 में अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर तैयार करने उपरान्त किये गए अग्रिम भुगतानों का वितीय वर्ष के अन्त में समायोजन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत द्वारा नरेगा अनुदान के अंतर्गत दो कार्यों को करवाने हेतु, हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरपॉरेशन को सीमेंट के क्रय हेतु निम्न विवरणानुसार राशि ₹1,11,488/– का अग्रिम प्रदान किया गया है, लेकिन 31.03.2025 तक उक्त राशि का समायोजन नहीं किया गया था व उसके समायोजन से सम्बन्धित अभिलेख को भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया:–

| क्र0सं0 | अनुदान | वाउचर/ दिनांक/बिल संख्या | आपूर्तिकर्ता | सामग्री | मात्रा | दर (₹) | असमायोजित राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | निल/27.05.2024/213977 | मै0 हि0 प्र0 राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन जस्सुर | सीमेंट बैग | 203 | 416 | 84448 |
| 2 | मनरेगा | निल/27.05.2024/213974 | मै0 हि0प्र0 राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन जस्सुर | सीमेंट बैग | 65 | 416 | 27040 |
| | | | | कुल जोड़ | | | 111488 |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0का/2025/430(9) दिनांक:–01.08.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–0 दिनांक:–02.08.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, हि0प्र0 सिविल सप्लाई जस्सुर को किये गये अग्रिम भुगतान के समायोजन बारे सिविल सप्लाई से पत्राचार करने उपरान्त व समायोजन अभिलेख तैयार करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रत्युत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरपॉरेशन को की गई अग्रिम भुगतान राशि का समायोजन करना सुनिश्चित करके तथा नियमानुसार अग्रिम समायोजन रजिस्टर को भी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये। पूर्वोक्त मामलो के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में की गई अग्रिम भुगतान राशि की संस्था/विभागीय स्तर पर समुचित गणना कर व उसके समायोजन से सम्बन्धित आवश्यक अभिलेखो को तैयार करने उपरांत कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8.5 निर्माण कार्य के लिय मजदूरी भुगतान करने हेतु अनुमोदित प्राक्कलन दर द्वारा भुगतान न करके राशि ₹0.04/– लाख का अधिक भुगतान करने बारे :–

निर्माण लेण्ड लेवलिंग शेपिंग और प्लांटेशन जगदीश, प्रदीप, धर्मेन्द्र इत्यादि की जमीन में वार्ड–5 की रिकार्ड प्रविष्टियों का अवलोकन करने पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 42186 के पृष्ठ संख्या 45 में Earth cutting मद में मजदूरी भुगतान करने हेतु,

अनुमोदित प्राक्कलन दर द्वारा न करके, अधिक दर द्वारा **₹3590/–** का अधिक भुगतान किया गया:–

| क्र0 सं0 | मद / शीर्ष | मद | निश्पादित मात्रा | माप पुस्तिका मे भुगतान हेतु दर्शाई गई दर व मुल्याकित राशि (₹) | किया गया भुगतान (₹) | अनुमोदित प्राक्कलन दर/अपेक्षित भुगतान (₹) | अधिक भुगतान राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नरेगा | Item-1 Earth Cutting | 266.70m3 | 266.70@**120**=32004 | 31860 | 266.70@**106**=28270 | 3590 |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/430(15) दिनांक:–02.08.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–0 दिनांक:–02.08.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, उक्त कार्य के लिये मजदूरी भुगतान करने हेतु अनुमोदित प्राक्कलन दर द्वारा न करके अधिक दर द्वारा करने से उपरोक्त राशि का अधिक भुगतान किया गया, जिसकी सम्बन्धित कर्मचारी/व्यक्ति से वसूली करने उपरांत सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवाने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः उपरोक्त किये गए अधिक भुगतान को सम्पूर्ण समर्थित अभिलेखों सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करना सुनिश्चित की जाये तथा सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवाकर व कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त यह भी सुझाव दिया जाता है कि इस तरह के मामलों की पुनरावृति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नियमानुसार माप–पुस्तिकाओं में उच्च तकनीकी अधिकारियों के अनुमोदन/सत्यापन एवं नमूना जांच उपरांत ही भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 9 निर्माण कार्यों के सन्दर्भ में राशि ₹3.10/–लाख के अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे:–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 05/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि **₹310313/–**का भुगतान किया गया था, परन्तु निम्न निर्माण कार्यों के सन्दर्भ में अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका:–

| अनुदान | वाउचर सं/ दिनांक | बिल संख्या/ दिनांक | कार्य का नाम | भुगतान राशि ₹ | वांछित अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.नरेगा | निल/ 13.05. 2024 | 238,239 /01.01. 2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार फलड गश को रोकने के लिये चौधरी डेविटेशन ड्रेन के साथ वार्ड 7 | 125000 | प्रस्ताव, तकनीकी स्वीकृति प्राक्कलन,माप पुस्तिका |
| 2.नरेगा | निल/2 7.05. 2024 | 213977/ 14.03. 2024 | निर्माण सुरक्षा कार्य संजयरण सिंह सुभाष जरनेल इत्यादि जमीन वार्ड 3 | 84448 | माप पुस्तिका, प्रारूप 34 |
| 3.नरेगा | निल/2 7.05. 2024 | 0094/13 .03. 2024,213 974/ 12. 03.2024 | निर्माण जीपेवल रोड पीडब्ल्यूडी रोड से संजीव, राकेश, सुदर्शन इत्यादि वार्ड 6 | 86915 | माप पुस्तिका , प्रारूप 34 |
| 4.सभा निधि | 4/पी/ 3/15. 05.2024 | | निर्माण/अववर्धन पंचायत घर (टाईल वर्क) वार्ड 4 | 4950 | प्रस्ताव,प्राक्कलन,माप पुस्तिका, प्रारूप 34 |
| 5.वीकेवी एनवाई | 10/पी /1/15 ,05.2024 | 320/30. 06.2024 | निर्माण रास्ता मेन रोड से वाटर सप्लाई नजदीक रणजीत घर इत्यादि वार्ड 4 | 9000 | प्रस्ताव, प्राक्कलन, माप पुस्तिका, प्रारूप 34 |
| | | | **कुल** | **310313** | |

वांछित अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे सचिव ग्राम पंचायत रिट उपरली से अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0का/2025/430(**13**) दिनांक–02.08. 2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर मे पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–0 दिनांक 02.08.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि माप–पुस्तिकाओं व अन्य सम्बन्धित अभिलेखो–प्रस्ताव प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति इत्यादि को आगामी अंकेक्षण मे प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नही पाया गया।

अतः सचिव द्वारा उपरोक्त अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना एक गम्भीर अनियमितता है। जिसका औचित्य उक्त वर्णित नियमानुसार तथ्यों सहित स्पष्ट किया जाये व नियमानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही सहित अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**10 राशि ₹6.33/-लाख की अनुचित/असमर्थित/समायोजित (Adjustment voucher) आय-व्यय प्रविष्टियां करने बारे-**

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 10(1) के अनुसार ग्राम पंचायत के बैंक खातो में से प्रत्येक निकासी की तत्काल रोकड़ बही में प्राप्ति की ओर व जमा की अदायगी की ओर प्रविष्टि दर्ज की जाएगी तथा उसकी बैंक पास बुक उचित प्रेषण व निकासी प्रविष्टियों सहित अनुरक्षित की जाएगी।

ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत की गई स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियो के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानों के अंतर्गत निम्न विवरणानुसार राशि ₹632776/-की समायोजित प्रविष्टियां **(Adjustment voucher)** आय-व्यय के रूप में की गई दर्शाई गई थी, जिसके समर्थन में कोई बिल/वाउचर भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किया गया तथा न ही यह प्रविष्टियां सम्बन्धित शीर्ष की बैंक पासबुक में पाई गई, जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता व आपतिजनक है:-

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | आय/व्यय | विवरण | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
